कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 13.01.2025

थाना लालपुर पाण्डेयपुर अन्तर्गत पीआरवी 0599 के कर्मचारीगण द्वारा डायल 112 की सूचना पर फांसी लगा रही महिला को त्वरित कार्यवाही कर जान बचाये जाने के सम्बन्ध में

आज दिनांक 13.01.2025 को थाना लालपुर पाण्डेयपुर अन्तर्गत संचालित पीआरवी 0599 के कर्मचारीगण को इवेन्ट नं0 36705 पर समय करीब 12.50 बजे जेडी नगर कालोनी पहड़िया में एक महिला द्वारा अपनी देवरानी से विवाद होने की सूचना दी गयी। इस सूचना पर पीआरवी 0599 के कार्यरत कर्मचारीगण 1. का0 अमरजीत गौड़ 2. का0 रवि कुमार व 3. हो0गा0चा0 नीरज तिवारी द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंच कर विवाद के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही थी कि सूचनाकर्ता महिला द्वारा बताया गया कि मेरा, मेरी देवरानी से विवाद हो गया था जिसके सम्बन्ध में मैंने डायल 112 पर सूचना दी थी। कर्मचारीगण द्वारा देवरानी के सम्बन्ध में पूछे जाने पर सूचनाकर्ता के देवर द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी व मेरी भाभी में कहा सुनी हो गयी थी। अभी मेरी पत्नी कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द कर ली है। इस जानकारी पर पीआरवी के कर्मचारीगण द्वारा तत्काल बन्द कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो महिला सीलिंग फैन में दुपट्टा लगा कर फांसी पर लटक गयी थी। कर्मचारीगण द्वारा तत्परता से महिला को पकड़कर सहारा देकर नीचे उतारा गया तो मरणासन्न अवस्था में थी जिसको तत्काल का0 अमरजीत गौड़ द्वारा सीपीआर देकर होश में लाया गया। तत्काल महिला को परिजनों के साथ हास्पिटल भेजा गया। पुलिस कर्मचारीगण की इस प्रकार त्वरित कार्यवाही से महिला की जान बच सकी।

पीआरवी 0599 के कर्मचारीगण 1. का0 अमरजीत गौड़ 2. का0 रवि कुमार व 3. हो0गा0चा0 नीरज तिवारी द्वारा किये गये कार्य से आम-जनमानस द्वारा वाराणसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी